बताया कि पहले भी ट्रैफिक पुलिस की यह पद गई थी और अब दूसरे उपपुलिस निरीक्षक की तैनाती हो गई है शीघ्र ही ट्रैफिक व्यवस्था दुरूस्त की जायेगी।

उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी है।

मणिकर्णिका आर्ट गैलरी कला प्रदर्शनी में कला-शैलियों का महासंगम

उद्योग हकीकत, झांसी।

समूह प्रदर्शनियों में अक्सर विभिन्न शैली में काम करने वाले कलाकारों का काम देखने को मिलता है। पर झांसी की मणिकर्णिका आर्ट गैलरी द्वारा ललित कला अकादमी में आयोजित समूह प्रदर्शनी को कला शैलियों का महासंगम कहा जाना चाहिए। युवा कलाकारों से लेकर वरिष्ठ कलाकारों तक से सजी यह प्रदर्शनी कला प्रेमियों के लिए उपहार से कम नहीं है। यह सात दिवसीय राष्ट्रीय प्रदर्शनी 23 फरवरी तक दर्शकों के अवलोकन के लिए खुली रहेगी। इसका उद्घाटन पद्मश्री और आईफैक्स के चौयरमेन प्रोफेसर बीमान बी दास ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ चित्रकार राजेश शर्मा ,वरिष्ठ चित्रकार एम के पूरी एवं वरिष्ठ स्कल्पचर आर्टिस्ट सुनीता लांबा विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे। इस प्रदर्शनी में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए हुए कलाकारों की कलाकृतियां शामिल हैं। मुख्य अतिथि पद्म प्रो बीमन दास ने ग्रुप प्रदर्शनी को सफल बताया तथा मणिकर्णिका आर्ट गैलरी की संचालिका कामिनी बघेल को और गैलरी कॉर्डिनेटर सहजेंद्र सिंह बघेल को सफल आयोजन के बहुत बहुत बधाई दी और कहा की यहां कला का वाकई संगम दिखाई दे रहा है। भिन्न भिन्न क्षेत्रों से आए चित्रकारों ने अपने चित्रों में उन क्षेत्रों की अमिट छाप छोड़ी है मणिकार्णिका आर्ट गैलरी संचालिका कामिनी बघेल ने कहा की मुझे प्रसन्नता है की इतनी दूर दूर से कलाकार आए हैं आगे भी भविष्य में ऐसे ही आयोजन मणिकर्णिका आर्ट गैलरी के द्वारा होता रहेगा। इस प्रदर्शनी में 38 कलाकारो कलाकृतियां लगाई। संचालन गैलरी प्रभारी सहजेंद्र सिंह बघेल ने किया। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलीत करके के पार्मिता आर्ट प्रदर्शनी का विधिवत शुभारंभ किया। गैलरी प्रभारी सहजेंद्र सिंह बघेल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की सभी कलाकारों की अपनी अलग शैली है। प्रदर्शनी में शामिल सभी कलाकृतियों को देखें तो उनमें अमूर्तन भी है।